ग्रीन अमोनिया के लिए तीन कंपनियां आगे आईं

लखनऊ। प्रदेश में ग्रीन अमोनिया उत्पादन के लिए तीन कंपनियां आगे आई हैं। इन कंपनियों ने राज्य सरकार से परियोजना लगाने की अनुमति मांगी है। जल्द ही उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) चयन संबंधित प्रक्रिया पूरी करेगा।

जल्द यूपीनेडा शुरू करेगा चयन प्रक्रिया

प्रदेश में 14 मार्च को ग्रीन हाइड्रोजन नीति जारी की जा चुकी है। यूपीनेडा को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसके तहत प्रदेश में ग्रीन अमोनिया उत्पादन के लिए पांच परियोजनाएं स्थापित करनी है। इन सुपर मेगा एवं अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं पर सरकार की ओर से 35 से 40 फीसदी वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा। अब तक प्रदेश में तीन कंपनियां इन परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए आगे आई हैं।

15 सितंबर तक जमा होंगे आवेदन : यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार के लिए विभिन्न कंपनियों से आवेदन मांगे गए थे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर 15 सितंबर कर दिया गया है। ब्यूरो